खाटू के श्याम बाबा,
आना मेरा स्वीकार करो,
हे गिरधर गोपाला,
आना मेरा स्वीकार करो।।

सब कुछ हार के आया हूँ मैं,
श्याम धणी तेरे द्वारे,
रखना लाज शरण आए की,
ओ हारे के सहारे,
दीन दुखी अनाथों पर श्याम,
तुम उपकार करो,
खाटू के श्याम बाबा,
आना मेरा स्वीकार करो।।

अच्छा बुरा भला जैसा भी हूँ,
हूँ मैं नाथ तिहारो,
डूब ना जाऊं बीच भवर में,
पकड़ के हाथ उबारो,
दया दिखा के दया निधाना,
बेडा पार करो,
खाटू के श्याम बाबा,
आना मेरा स्वीकार करो।।

तेरे सिवा यहाँ कौन है मेरा,

जिसको हाल सुनाऊँ,
तूने ही मुख मोड़ लिया तो,
और कहाँ मैं जाऊं,
तेरा ही हूँ मैं सावरिया,
नफरत करो या प्यार करो,
खाटू के श्याम बाबा,
आना मेरा स्वीकार करो।।

दिल की लगी को क्या कोई जाने,
मैं जानू या तू जाने,
आया है किस हाल में राधे,
सब कुछ तू है जाने,
भाव भजन मैं जो भी लाया,
तुम स्वीकार करो,
खाटू के श्याम बाबा,
आना मेरा स्वीकार करो।।

खाटू के श्याम बाबा,
आना मेरा स्वीकार करो,
हे गिरधर गोपाला,
आना मेरा स्वीकार करों।।

Singer & Writer Rakesh Radhe

Source:
https://www.bharattemples.com/aana-mera-swikar-karo-khatu-ke-shyam-baba/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw